Prepp

Practice, Learn and Achieve
Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Philosophy

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# PHILOSOPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

| J | 0 | 3 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# PHILOSOPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The enjoyment of fruits of the Karma that not yet has been started is called

(A) Sañćitā Karma

(B) Sañcīyamāna Karma

(C) Prārabdha Karma

(D) Anārabdha Karma

**2.** Devarna can be repaid by

(A) Performing yajña

(B) Giving birth to a son

(C) Both (A) & (B)

(D) Neither (A) nor (B)

**3.** Which one is the correct sequence ?

(A) Jāgrat, Susupti, Svapna

(B) Jāgrat, Svapna, Susupti

(C) Svapna, Susupti, Jāgrat

(D) Susupti, Jāgrat, Svapna,

**4.** Prābhākara and Bhātta differ on followings :

(A) Pramāṇa, Prameya, Dharma

(B) Pramāṇa, Prameya, Khyāti

(C) Premeya, Khyāti, Dharma

(D) Pramāṇa, Dharma, Khyāti

**5.** Match List – I & List – II and select the correct code :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Apohavāda | i. Baudha |
| b. Anvitāvidhana-vāda | ii. Nyāya |
| c. Abhihitānvaya-vāda | iii. Prābhākara |
| d. Anyathākhyātivāda | iv. Bhātta |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iv | iii | ii |

**6.** Immortality of the soul is derived by

(A) Pythagoras

(B) Democritas

(C) St. Augustine

(D) St. Anselm

**7.** Philosophy according to Plato is a preparation for

(A) life

(B) good life

(C) death

(D) peaceful death

**8.** Which one of the following is a form of Satkāryavāda ?

(A) Pariṇāmavāda

(B) Syādvāda

(C) Anekāntavāda

(D) None of these

**9.** Match List – I with List – II and choose the correct answer from the code :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Nyāya | i. Sixteen Padartha |
| b. Vaiśeṣika | ii. Seven Padartha |
| c. Prābhākara | iii. Eight Padartha |
| d. Bhātta | iv. Six Padartha |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**10.** Which one is a group of Atheist Philosophers ?

(A) Buddhist, Jaina, Nyāya

(B) Buddhist, Mahayāna, Nyāya

(C) Purva-Mimamsa, Jaina, Sarvāstivāda

(D) Sarvāstivāda, Mahayāna, Advaita Vedanta



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# दर्शनशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** कर्म के वे फल जो अभी फलित होने शुरू नहीं हुए हैं, वे कहलाते हैं
(A) संचित कर्म
(B) संचीयमान कर्म
(C) प्रारब्ध कर्म
(D) अनारब्ध कर्म

**2.** देवऋण से उऋण हो सकते हैं
(A) यज्ञ करने से
(B) पुत्र को जन्म देने से
(C) (A) और (B) दोनों से
(D) (A) और (B) किसी से भी नहीं

**3.** निम्नलिखित में से सही क्रम का चयन कीजिए :
(A) जागृत, सुसुप्ति, स्वप्न
(B) जागृत, स्वप्न, सुसुप्ति
(C) स्वप्न, सुसुप्ति, जागृत
(D) सुसुप्ति, जागृत, स्वप्न

**4.** प्रभाकर और भट्ट का निम्नलिखित में से किस पर मतभेद है ?
(A) प्रमाण, प्रमेय, धर्म
(B) प्रमाण, प्रमेय, ख्याति
(C) प्रमेय, ख्याति, धर्म
(D) प्रमाण, धर्म, ख्याति

**5.** सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. अपोहवाद | i. बौद्ध |
| b. अंवितविधानवाद | ii. न्याय |
| c. अभिहितान्वयवाद | iii. प्रभाकर |
| d. अन्यथा ख्यातिवाद | iv. भट्ट |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iv | iii | ii |

**6.** आत्मा के अमरत्व के निषेध का सिद्धांत किसका है ?
(A) पायथागोरस
(B) डेमोक्रीटस
(C) संत ऑगस्टाइन
(D) संत एन्सेल्म

**7.** प्लेटो के अनुसार दर्शनशास्त्र है
(A) जीवन के लिए तैयारी
(B) अच्छे जीवन के लिए तैयारी
(C) मृत्यु के लिए तैयारी
(D) शांतिपूर्ण मृत्यु के लिए तैयारी

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा सत्कार्यवाद का रूप है ?
(A) पारिणामवाद
(B) स्याद्वाद
(C) अनेकान्तवाद
(D) इनमें से कोई नहीं

**9.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. न्याय | i. सोलह पदार्थ |
| b. वैशेषिक | ii. सात पदार्थ |
| c. प्रभाकर | iii. आठ पदार्थ |
| d. भट्ट | iv. छः पदार्थ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा समूह निरीश्वरवादी दार्शनिकों का है ?
(A) बौद्ध, जैन, न्याय
(B) बौद्ध, महायान, न्याय
(C) पूर्व-मीमांसा, जैन-सर्वास्तिवाद
(D) सर्वास्तिवाद, महायान, अद्वैत वेदांत



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

11. The correct sequence of the doctrines is
(A) Shūnyavāda, Ajātivāda, Advaitavāda, Dvaitavāda
(B) Ajātivāda, Shūnyavāda, Dvaitavāda, Advaitavāda
(C) Shūnyavāda, Advaitavāda, Dvaitavāda, Ajativāda
(D) Advaitavāda, Ajātivāda, Dvaitavāda, Shūnyavāda

12. Which alternative can be held by the Cārvākas ?
(A) Kṣiti , apa, teja, ākāsá
(B) Sukhavāda, Pratyakṣapramāṇa-vāda, teja, ātmā
(C) Sukhavāda, dehātmavāda, apa, teja
(D) Apa, teja, maruta, vyoma

13. Which one according to the Jainas is not astikāya dravya ?
(A) Jīva (B) Ākāsa
(C) Kāla (D) Dharma

14. What is the asamavāyikāraṇa of dvyaṇuka ?
(A) Paramaṇus
(B) Paramaṇusaṁyoga
(C) Dvyanukas
(D) Dvyaṇuka-Saṁyoga

15. Consider the 'Assertion' and 'Reason' and evaluate the options in the light of Madhva Philosophy:
**Assertion (A) :** Prakṛti, Jīva and Ishwara are independent from each other.
**Reason (R) :** These are mundane.
(A) (A) and (R) both are true and (R) provides correct explanation of (A).
(B) (A) and (R) both are false and (R) provides correct explanation of (A).
(C) (A) is true and (R) is false and (R) does not provide a correct explanation of (A).
(D) (A) is false and (R) is true and (R) provides a correct explanation of (A).

16. The kinds of conjectures used by Descartes to doubt every proposition that he possibly could are :
(A) dream conjecture and God
(B) evil demon conjecture and holy ghost
(C) dream conjecture and evil demon conjecture
(D) God and holy ghost conjecture

17. Following is the correct sequence of Aṣtāngika Yoga
(A) Yama, Niyama, Āsana, Prāṇāyāma, Pratyāhāra, Dhyāna, Dhārṇa, Samādhi
(B) Yama, Niyama, Āsana, Prāṇāyāma,Pratyāhāra, Dhārṇa, Dhyāna, Samādhi
(C) Yama, Niyama, Āsana, Pratyāhāra, Prāṇāyāma, Dhyāna, Dhārṇa, Samādhi
(D) Niyama, Yama, Āsana, Pratyāhāra, Prāṇāyāma, Dhārṇa, Dhyāna, Samādhi

18. Which scriptural book discusses the ideas of karma, akarma and vikarma ?
(A) Manusmṙiti
(B) Srimad Vishṇupurāṇa
(C) Bhagawadgita
(D) Śri Nāradpurāṇa

19. According to Spinoza, God is
(A) only transcendent
(B) only immanent
(C) both immanent and transcendent
(D) non existent

20. Select the correct pair :
(A) Adhyāsa and Adhyavasāya
(B) Avidya and Parāvidya
(C) Mūlāvidyā and Tūlāvidyā
(D) Māya and Saṃskāra



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

11. निम्नलिखित सिद्धांतों का सही क्रम है :

(A) शून्यवाद, अजातिवाद, अद्वैतवाद, द्वैतवाद

(B) अजातिवाद, शून्यवाद, द्वैतवाद, अद्वैतवाद

(C) शून्यवाद, अद्वैतवाद, द्वैतवाद, अजातिवाद

(D) अद्वैतवाद, अजातिवाद, द्वैतवाद, शून्यवाद

12. चार्वाक द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अपनाया गया है ?

(A) क्षिति, अप, तेज, आकाश

(B) सुखवाद, प्रत्यक्षप्रमाणवाद, तेज, आत्मा

(C) सुखवाद, देहात्मवाद, अप, तेज

(D) अप, तेज, मरुत, व्योम

13. जैन मत के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा अस्तिकाय द्रव्य नहीं है ?

(A) जीव (B) आकाश

(C) काल (D) धर्म

14. द्वयणुक का असमवायिकारण क्या है ?

(A) परमाणु

(B) परमाणुसंयोग

(C) द्वयणुक

(D) द्वयणुक-संयोग

15. 'अभिकथन' और 'तर्क' पर विचार कीजिए और मध्व दर्शन के संदर्भ में निम्नलिखित विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए :

**अभिकथन (A)** : प्रकृति, जीव और ईश्वर एक दूसरे से स्वतंत्र हैं ।

**तर्क (R)** : ये लौकिक हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

16. प्रत्येक प्रतिज्ञप्ति पर शंका करने के लिए देकार्त द्वारा प्रयुक्त ऊहा (अटकलों) के संभावित प्रकार हो सकते हैं :

(A) स्वप्न संबंधी अटकलें और ईश्वर

(B) दु:ख स्वप्न अटकलें और पावन भूत (आत्मा)

(C) स्वप्न अटकलें और अशुभ शैतान संबंधी अटकल

(D) ईश्वर और पावन भूत अटकल

17. निम्नलिखित में से अष्टांगिक-योग का सही क्रम कौन सा है ?

(A) यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि

(B) यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि

(C) यम, नियम, आसन, प्रत्याहार, प्राणायाम, ध्यान, धारणा, समाधि

(D) नियम, यम, आसन, प्रत्याहार, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, समाधि

18. निम्नलिखित में से किस धर्म-ग्रंथ में कर्म, अकर्म और विकर्म पर विचार किया गया है ?

(A) मनुस्मृति

(B) श्रीमद् विष्णुपुराण

(C) भगवद्गीता

(D) श्री नारदपुराण

19. स्पिनोज़ा के अनुसार ईश्वर है :

(A) मात्र विश्वातीत

(B) मात्र अनुस्यूत

(C) अनुस्यूत तथा विश्वातीत दोनों

(D) अनस्तित्ववान

20. सही युग्म का चयन कीजिए :

(A) अध्यास और अध्यवसाय

(B) अविद्या और पराविद्या

(C) मूलाविद्या और तूलाविद्या

(D) माया और संस्कार



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**21.** According to pragmatists like C.S. Peirce, William James and John Dewey, truth is

(A) ever-changing; it is relative to a time and place and purpose.

(B) fixed and is relative to a time and place and purpose.

(C) ever-changing but is not relative to a time and place and purpose.

(D) sometimes changing and sometimes fixed.

**22.** Which one of the following is not a part of Guṇāśṭaka ?

(A) Aiśwarya

(B) Teja

(C) Abhihita Saṃkalpatva

(D) Vīrya

**23.** Who among the following propounded the concept of subject as freedom ?

(A) K.C. Bhattacharya

(B) M.N. Roy

(C) A.K. Coomarswami

(D) S. Radhakrishnan

**24.** For Dr. S. Radhakrishnan, Intellectual Knowledge is realised by

(A) Imagination and Sensation

(B) Analysis and Synthesis

(C) Synthesis and Abstraction

(D) Imagination and Abstraction

**25.** The idea of 'supermind' is connected with the philosophy of

(A) Dr. S. Radhakrishnan

(B) Dr. T.M.P. Mahadevan

(C) Śri Aurobindo

(D) Dr. K.C. Bhattacharya

**26.** Who is the author of the book 'Commentaries on Living' ?

(A) Dr. B.R. Ambedkar

(B) Śri J. Krishnamurti

(C) M. N. Roy

(D) Śri K.C. Bhattāchārya

**27.** Who amongst the following is considered as pioneering in establishing the Ramkrishnan Math & Mission ?

(A) Śri Ramkrishna Paramhamsa

(B) Śri Ramana Maharshi

(C) Swami Vivekanand

(D) Śri Ranganāthānand Maharāj

**28.** The term 'Philosophy' means

(A) Love for God

(B) Love for Human being

(C) Love of Life

(D) Love for Knowledge

**29.** Both Plato and Aristotle believed that knowledge must be

(A) of matter and not form

(B) both of matter and form

(C) neither of matter nor of form

(D) of form and not matter

**30.** Is it possible for two monads to have all qualities in common ?

(A) Yes

(B) Probably

(C) In some exceptional cases

(D) No

**31.** One of the permanent legacies of Platonism to Aristotle is

(A) Cosmological point of view

(B) Teleological point of view

(C) Heuristic point of view

(D) Informal point of view

**32.** According to Aristotle, God is

(A) unmoved, eternal, perfect, incorporeal and pure actuality

(B) unmoved, eternal, perfect, incorporeal and pure potentiality

(C) unmoved, eternal, perfect, corporeal and pure potentiality

(D) unmoved, eternal, perfect, corporeal and pure actuality



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

21. सी.एस. पर्स, विलियम जेम्स और जॉन ड्यूई जैसे व्यावहारिकतावादियों के अनुसार सत्य है

(A) सदैव परिवर्तनशील, यह समय और स्थान तथा प्रयोजन के सापेक्ष ।

(B) स्थिर और समय और स्थान तथा प्रयोजन के सापेक्ष ।

(C) सदैव परिवर्तनशील, लेकिन समय और स्थान तथा प्रयोजन के सापेक्ष नहीं ।

(D) कभी परिवर्तनशील और कभी स्थिर ।

22. निम्नलिखित में से कौन सा गुणाष्टक का भाग नहीं है ?

(A) ऐश्वर्य

(B) तेज

(C) अभिहित संकल्पत्व

(D) वीर्य

23. निम्नलिखित में से किसने आत्म स्वातन्त्र्य की संकल्पना का प्रतिपादन किया है ?

(A) के.सी. भट्टाचार्य

(B) एम.एन. रॉय

(C) ए.के. कुमारस्वामी

(D) एस. राधाकृष्णन्

24. डॉ. एस. राधाकृष्णन् के अनुसार बौद्धिक ज्ञान निम्नलिखित में से किससे प्राप्त किया जा सकता है ?

(A) कल्पना और संवेदना

(B) विश्लेषण और संश्लेषण

(C) संश्लेषण और अपाकर्षण

(D) कल्पना और अपाकर्षण

25. 'अतिमन' की संकल्पना निम्नलिखित में से किस दार्शनिक से संबद्ध है ?

(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन्

(B) डॉ. टी.एम.पी. महादेवन्

(C) श्री अरबिन्द

(D) डॉ. के.सी. भट्टाचार्य

26. 'कॉमेंटरीज ऑन लिविंग' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(B) श्री जे. कृष्णमूर्ति

(C) एम.एन. रॉय

(D) श्री के.सी. भट्टाचार्य

27. निम्नलिखित में से किसे रामकृष्ण मठ और मिशन का अग्रणी संस्थापक माना जाता है ?

(A) श्री रामकृष्ण परमहंस

(B) श्री रमण महर्षि

(C) स्वामी विवेकानंद

(D) श्री रंगनाथानंद महाराज

28. 'दर्शन' शब्द से तात्पर्य है

(A) ईश्वर के लिए प्रेम

(B) मानव मात्र के लिए प्रेम

(C) जीवन का प्रेम

(D) ज्ञान के लिए प्रेम

29. प्लेटो और अरस्तू दोनों के अनुसार ज्ञान का संबंध होना चाहिए

(A) आकार से नहीं भौतिक द्रव्य से

(B) भौतिक द्रव्य और आकार दोनों से

(C) न तो भौतिक द्रव्य से न हीं आकार से

(D) भौतिक द्रव्य से नहीं आकार से ।

30. क्या यह संभव है कि दो चिदणुओं में सभी गुण एक समान हों ?

(A) हाँ

(B) संभवत:

(C) कुछ अपवादपूर्ण मामलों में

(D) नहीं

31. निम्नलिखित में से कौन सी प्लेटोवाद और अरस्तूवाद की स्थायी विरासत है ?

(A) वैश्विक दृष्टिकोण

(B) सप्रयोजन दृष्टिकोण

(C) अन्वेषणपूर्ण दृष्टिकोण

(D) अनौपचारिक दृष्टिकोण

32. अरस्तू के अनुसार ईश्वर है

(A) स्थिर, शाश्वत, परिपूर्ण, अमूर्त और विशुद्ध वास्तविकता

(B) स्थिर, शाश्वत, परिपूर्ण, अमूर्त और विशुद्ध क्षमता

(C) स्थिर, शाश्वत, परिपूर्ण, मूर्त और विशुद्ध क्षमता

(D) स्थिर, शाश्वत, परिपूर्ण, मूर्त और विशुद्ध वास्तविकता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**33.** The ontological proof for the existence of God is propounded by
(A) St. Anslem and Ramanuja
(B) St. Thomas Aquinas and Madhva
(C) St. Thomas Aquinas and Patanjali
(D) St. Anslem and Patanjali

**34.** According to Berkeley
(A) ideas but not the minds exist
(B) minds but not the ideas exist
(C) both ideas and the minds exist
(D) neither ideas nor the minds exist

**35.** Rational basis of induction was challenged by
(A) Descartes (B) Plato
(C) Kant (D) Hume

**36.** According to Leibnitz, there are
(A) four kinds of modes
(B) three kinds of modes
(C) two kinds of modes
(D) five kinds of modes

**37.** According to Hegel, reason is
(A) the substance of the universe but not its infinite energy
(B) the infinite energy of the universe but not its substance
(C) the infinite energy of the universe alone
(D) the substance and infinite energy of the universe

**38.** Locke suggests that the idea of substance is
(A) Simple idea
(B) Complex idea
(C) Particular idea
(D) None of the above

**39.** According to Kant, moral duty is
(A) the command of God
(B) imperative of pure reason
(C) determined by majority
(D) given by one's intuition

**40.** Which one of the following upholds that, "society must not exist for society's sake" but for "a type of being who is able to raise himself to its higher task and to a higher state of being" ?
(A) Hegel (B) Nietzsche
(C) Sri Aurobindo (D) Marx

**41.** Russell's atomic facts are
(A) facts of atomic physics
(B) sense-data
(C) facts of logical space
(D) elements of atomic proposition

**42.** Husserl supports
(A) absolute idealism
(B) absolute empiricism
(C) transcendental idealism
(D) transcendental rationalism

**43.** Heidegger characterises Dasein in terms of
(A) affective isolation of Being
(B) Being-in-itself
(C) affective relationship with surrounding people and objects
(D) Being-for-itself

**44.** Match List – I with List – II and select correct answer from given code :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Ghost in the Machine | i. G.E. Moore |
| b. Elimination of Metaphysics | ii. Austin |
| c. Defence of common sense | iii. A.J. Ayer |
| d. Speech act | iv. Gilbert Ryle |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**33.** ईश्वर के अस्तित्व के संबंध में सत्तामूलक प्रमाण का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किसने किया है ?
(A) संत एनसेल्म और रामानुज
(B) संत थॉमस एक्विनस और मध्व
(C) संत थॉमस एक्विनस और पतंजलि
(D) संत एनसेलम् और पतंजलि

**34.** बर्कले के अनुसार
(A) प्रत्ययों का अस्तित्व है, लेकिन मन का नहीं ।
(B) मन का अस्तित्व है, लेकिन प्रत्ययों का नहीं ।
(C) प्रत्ययों और मन दोनों का अस्तित्व है ।
(D) प्रत्यय या मन किसी का भी अस्तित्व नहीं है ।

**35.** आगमन के युक्तियुक्त आधार को किसने चुनौती दी थी ?
(A) देकार्त (B) प्लेटो
(C) कांट (D) ह्यूम

**36.** लाइब्नित्ज के अनुसार
(A) पर्याय के चार प्रकार हैं ।
(B) पर्याय के तीन प्रकार हैं ।
(C) पर्याय के दो प्रकार हैं ।
(D) पर्याय के पाँच प्रकार हैं ।

**37.** हेगल के अनुसार बुद्धि है
(A) ब्रह्माण्ड का द्रव्य, लेकिन इसकी अनंत ऊर्जा नहीं ।
(B) ब्रह्माण्ड की अनंत ऊर्जा, लेकिन इसका द्रव्य नहीं ।
(C) ब्रह्माण्ड की एकमात्र अनंत ऊर्जा ।
(D) ब्रह्माण्ड का द्रव्य और अनंत ऊर्जा ।

**38.** लॉक की मान्यता है कि द्रव्य की अवधारणा है
(A) सरल प्रत्यय
(B) जटिल प्रत्यय
(C) विशिष्ट प्रत्यय
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** कांट के अनुसार नैतिक कर्तव्य है
(A) ईश्वरीय आदेश
(B) विशुद्ध तर्क का आदेश
(C) बहुमत से निर्धारित
(D) किसी के अंतःज्ञान द्वारा निर्दिष्ट

**40.** "समाज का अस्तित्व समाज के लिए नहीं", लेकिन "उस व्यक्ति के लिए हैं, जो अपने उच्च कार्य में बढ़ना चाहता है और सत्ता के उच्च स्तर को प्राप्त करना चाहता है ।", यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?
(A) हेगल (B) नीत्शे
(C) श्री अरबिन्द (D) मार्क्स

**41.** रसेल के आणविक तथ्य हैं
(A) आणविक भौतिकी के तथ्य
(B) इंद्रिय प्रदत्त
(C) तार्किक स्थान के तथ्य
(D) आणविक संवाक्य के तत्त्व

**42.** हुसर्ल निम्नलिखित में से किसका समर्थक है ?
(A) निरपेक्ष प्रत्ययवाद
(B) निरपेक्ष व्यवहारवाद
(C) अतीन्द्रिय प्रत्ययवाद
(D) अतीन्द्रिय बुद्धिवाद

**43.** निम्नलिखित में से हाइडेगर ने डाज़ाइन के गुणों को किस में प्रकट किया है ?
(A) सत्ता की प्रभावी एकान्तता
(B) स्वयं-सत्
(C) आस-पास के लोगों और वस्तुओं से प्रभावी संबंध
(D) स्वयं के लिए सत्

**44.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. मशीन में भूत | i. जी.ई. मूर |
| b. तत्त्वशास्त्र का निरसन | ii. ऑस्टिन |
| c. सामान्य बुद्धि की रक्षा | iii. ए.जे. एअर |
| d. वाक् क्रिया | iv. गिल्बर्ट राइल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

45. Match List – I with List – II and select the correct answer from given code :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Plato | i. Critique of Pure Reason |
| b. Kant | ii. Foundation of Empirical Knowledge |
| c. Wittgenstein | iii. Republic |
| d. Ayer | iv. Philosophical Investigation |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

46. Match List – I with List – II and select correct answer by using the given code :

| List – I (Books) | List – II (Authors) |
|---|---|
| a. Religion of Man | i. Śri Aurobindo |
| b. Freedom from the Known | ii. Śri R. Tagore |
| c. Eastern Religion and Western Thought | iii. Śri J. Krishnamurti |
| d. The Life Divine | iv. S. Radhakrishnan |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | iii | iv | i |

47. Leibnitz defines monads as
(A) Physical object
(B) Mental object
(C) Centres of force or energy
(D) None of the above

48. Which pair correctly matches in following the cause of Neo-Buddhist thought in India in contemporary times ?
(A) Dr. B.R. Ambedkar, Mahatma Gandhi, Dr. S. Radhakrishnan
(B) Dr. B.R. Ambedkar, Lokmanya Tilak, Śri M.G. Ranade
(C) Dr. B.R. Ambedkar, Śri D.D. Kosambi, Dr. Rahul Saṁkrityāyana
(D) Dr. B.R. Ambedkar, Śri J. Krishnamurti, Sri Dalai Lama

49. According to G. E. Moore whenever there is a conflict between a philosophical doctrine and common sense, it was more likely that
(A) common sense has gone astray than that philosophical doctrine had done so.
(B) the argument has gone astray than that the common sense had done so.
(C) both argument and common sense have gone astray.
(D) neither the argument nor common sense had gone stray.

50. Match Set – I and Set – II and select the correct answer from the code :

| List – I (Thinkers) | List – II (Doctrines/Sayings) |
|---|---|
| a. Śri Aurobindo | i. Biological & spiritual aspects of man |
| b. R.N. Tagore | ii. Self-evident elaboration of the self-evident |
| c. K.C. Bhattacharya | iii. Universal Religion |
| d. Vivekananda | iv. Psychic transformation |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | i | iii | iv |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

45. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. प्लेटो | i. क्रिटिक ऑफ प्योर रीजन |
| b. कांट | ii. फाउंडेशन ऑफ इम्पीरियल नॉलेज |
| c. विट्गेन्सटाइन | iii. रिपब्लिक |
| d. एअर | iv. फिलोसोफिकल इन्वेस्टिगेशन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

46. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I (पुस्तक) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| a. रिलीजन ऑफ मैन | i. श्री अरबिन्दो |
| b. फ्रीडम फ्रॉम द नोन | ii. श्री आर. टैगोर |
| c. ईस्टर्न रिलीजन एण्ड वेस्टर्न थॉट | iii. श्री जे. कृष्णमूर्ति |
| d. द लाइफ डिवाइन | iv. एस. राधाकृष्णन् |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | iii | iv | i |

47. लाइब्नित्ज़ चिदणु को परिभाषित करते हैं

(A) भौतिक द्रव्य जैसा

(B) मानसिक द्रव्य जैसा

(C) ऊर्जा के केन्द्र जैसा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. समसामयिक समय में भारत में नव-बुद्धिष्ट विचारों की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, महात्मा गांधी, डॉ. एस. राधाकृष्णन्

(B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, लोकमान्य तिलक, श्री एम.जी. रानाडे

(C) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, श्री डी.डी. कोसाम्बी, डॉ. राहुल सांकृत्यायन

(D) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, श्री जे.कृष्णमूर्ति, श्री दलाई लामा

49. जी.ई. मूर के अनुसार जब कभी दार्शनिक सिद्धांत और सामान्य बुद्धि के बीच टकराव होता है तो इस बात की अधिक संभावना होती है कि

(A) दार्शनिक सिद्धांतों की तुलना में सामान्य बुद्धि भटक जाती है ।

(B) सामान्य बुद्धि की तुलना में तर्क भटक जाता है ।

(C) तर्क और सामान्य बुद्धि दोनों भटक जाते हैं ।

(D) तर्क और सामान्य बुद्धि में से कोई नहीं भटकता है ।

50. सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I (चिन्तक) | सूची – II (सिद्धांत/कथन) |
|---|---|
| a. श्री अरबिन्द | i. मानव का जैविक और आध्यात्मिक पहलू |
| b. आर.एन. टैगोर | ii. स्वत: सिद्ध का स्वत: सिद्ध विस्तार |
| c. के.सी. भट्टाचार्य | iii. सार्वभौम धर्म |
| d. विवेकानंद | iv. चैतसिक रूपान्तरण |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | i | iii | iv |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in